गोलालारीय समाज का मुखपत्र

श्री गोलालारीय दिगम्बर जैन समाज न्यास इन्दौर

golalariya_darshan@yahoo.in

गोलालारीय दर्शन यहां भी देख सकते है -
www.golalariya.com

मासिक गोलालारीय दर्शन

लेट पोस्टिंग

अपनों के साथ अपनी बातें

RNI No. MPHIN/2008/26873
No. MP/ICD/1252/2015-2017 सेवा में,

जो भरा नहीं हैं भावों से, बहती जिसमें रसधार नहीं। हृदय नहीं पत्थर हैं वो, जिसे समाज से प्यार नहीं।

वर्ष : 6 अंक : 12 पृष्ठ संख्या : 12 माह - 15 जुलाई 2015 सहयोग राशी - आजीवन सदस्य बनें ।

आसमाँ से आगे.... जहाँ और भी हैं

स्वस्ति जैन
10 वी - 10 सीजीपीए
सीबीएसई

आयुषी जैन
10 वी - 95.35%
आईसीएसईई

रेनी जैन
12वी - 95.2%
आईएससीई-पीसीएम

अरिहंत जैन
12 वी - 92.2%
सीबीएसई-पीसीएम

गरिमा जैन
12वी - 92%
स्टेट बोर्ड - कॉमर्स

सम्यक जैन
आईआईटी रैंक -
2793

अनिमेष जैन
आईआईटी रैंक
9074

ढ़ेर सारी बधाईयाँ, सम्मान और पुरस्कार लेकर गोलालारीय दर्शन का प्रतिभा विशेषांक प्रस्तुत है। गद्‌गद् है माता-पिता, जिनके होनहारों ने अपने अपने क्षेत्र में उच्च स्थान प्राप्त कर आसमान की बुलंदियों को छुआ है । गौरवान्वित है शिक्षकगण, जो अपने विद्यार्थियों की सफलता के मार्गदर्शक बने । विद्यार्थियों की खुशियों को जैसे पंख लग गये है, उत्साह चरम पर है, सपने आसमाँ से ऊंचे और ऊंचे जाने के हैं। **''गोलालारीय दर्शन''** अपने होनहार विद्यार्थियों के सम्मान और प्रोत्साहन हेतु एक छोटा सा मंच प्रदान करता रहा है इस हेतु हमें बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए हैं किन्तु अब भी आपसे अपेक्षित सहयोग की दरकार है । आज गोलालारीय दर्शन लगभग 4200 परिवारों को प्रेषित किया जा रहा है, उसकी तुलना में ये आवेदन पत्र नगण्य ही है । कुछ विशेष नगरो से हमें हर वर्ष प्रविष्टियाँ प्राप्त होती है जबकि अन्य नगर के समाजजन तटस्थ बने रहते है । क्यों यदि आप अपने बालक बालिका की उपलब्धियों का उचित मूल्यांकन नहीं करते तो यह आपकी नकारात्मकता का द्योतक है और नकारात्मकता बच्चे के विकास को अवरुद्ध कर देती है । हमें न केवल बच्चों को प्रोत्साहित करना चाहिए वरन् उनकी उपलब्धियों के अनुसार उन्हें पुरस्कृत भी करते रहना चाहिए । **गोलालारीय दर्शन** शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने हेतु हर संभव प्रयास करता रहा है । आपसे भी ऐसे सहयोग की आंकाक्षा है ।

हमारे देश में अनेक सामाजिक संगठन लघु या वृहद् रुप से विद्यार्थियों की शिक्षा सहायता कर रहे है । ये प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को सम्मान, पुरस्कार, छात्रवृत्तियाँ और शिक्षा ऋण जैसी सुविधाएँ प्रदान करते है । पिछले कुछ वर्षों में तेजी से लोकप्रिय हुयी ऐसी ही एक संस्था है **''सुपर-30''** जो आर्थिक रुप से असमर्थ प्रतिभाशाली छात्रों को आईआईटी, जेईई की तैयारी के लिए नि:शुल्क कोचिंग, रहने और भोजन की सुविधा प्रदान करती है । जैन समाज में भी ऐसी कुछ संस्थाऐं है जिनमें एक है **''भारतीय जैन संघटना''** जो शिक्षा के क्षेत्र में उचित करियर मार्गदर्शन के साथ ही आर्थिक सहायता भी प्रदान करती है । इन्दौर में स्थित **''कुंद कुंद ज्ञानपीठ संस्थान''** विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा और शोध के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करता है । यह तो कुछ बानगी है । ऐसी अनेक संस्थाएँ है जिनका विस्तृत विवरण हम गोलालारीय दर्शन की वेबसाईट पर शीघ्र ही एक पोर्टल के माध्यम से आरंभ करने जा रहे है ।

छात्र छात्राओं के समग्र विकास के लिए केवल स्कूली परीक्षाएँ उत्तीर्ण करना काफी नहीं है । वर्ष भर मुख्य परीक्षा के साथ ही कुछ सामान्तर टेस्ट और परीक्षाओं में सम्मिलित होना भी अत्यंत आवश्यक है । एनएसटीएसई, अलग अलग विषयों पर आधारित ऑलम्पियाड जैसे एनएसओ, आईएमओ आदि की तैयारी और उन्हें उत्तीर्ण करना भी एक अच्छी शुरुआत है । इस प्रकार की समानांतर परीक्षाओं की तैयारी से बच्चों के ज्ञान में न केवल वृद्धि होती है वरन् वे भविष्य की बड़ी परीक्षाओं जैसे इंजीनियरिंग, मेडिकल आदि के लिए प्रशिक्षित भी करती है । माता पिता को भी इस ओर जागरुक होकर बच्चों को प्रोत्साहित करते रहना चाहिए ताकि वे अपना समग्र विकास कर अपने परिवार के साथ साथ अपने समाज को भी गौरवान्वित कर सके ।

– अनुपमा जैन, सहसंपादिका

परिवार परिचय ग्रंथ 2015 का विमोचन एवं मेघावी विद्यार्थियों का सम्मान

अहमदाबाद । श्री गोलालारीय दि. जैन समाज अहमदाबाद के तत्वावधान में अहमदाबाद समाज के गोलालारीय परिवारों की जानकारी के रूप में **परिवार परिचय ग्रंथ 2015** का विमोचन एवं समाज के मेघावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह रविवार 21 जून 2015 को आयोजित किया गया ।

परिवार परिचय ग्रंथ में समाज के परिवारों की जानकारी के साथ अन्य महत्वपूर्ण जानकारियाँ भी प्रकाशित की गई । परिचय ग्रंथ का विमोचन श्री जिनेन्द्रकुमार सेतूलालजी एवं प्रवीणकुमार जिनेन्द्रकुमारजी के परिवार द्वारा किया गया । कार्यक्रम में दीप प्रज्ञवलन श्री नरेशकुमार हरीशचंदजी के परिवार द्वारा किया गया । तत्पश्चात मेघावी विद्यार्थियों का सम्मान समाज द्वारा किया गया । जिसमें हायर सेकेण्डरी गणित वर्ग का प्रथम पुरस्कार अभिषेक जे. जैन, द्वितीय पुरस्कार सार्थक एम. जैन एवं तृतीय पुरस्कार देवांग एस. जैन को दिया गया । विज्ञान वर्ग का प्रथम पुरस्कार पलक पी. जैन को दिया गया । कॉमर्स वर्ग का प्रथम पुरस्कार प्राची के. जैन, द्वितीय पुरस्कार पूजा एस. जैन एवं तृतीय पुरस्कार ऋति ए. जैन को दिया गया । हाईस्कूल में प्रथम पुरस्कार मंथन सी. जैन, द्वितीय पुरस्कार रायन एस. जैन एवं तृतीय पुरस्कार अनिमेष आई. जैन को दिया गया । उपस्थित समाजजनों ने कार्यक्रम की दिल खोलकर प्रशंसा की व इस प्रकार के आयोजन नियमित होते रहे, ऐसी कामना की । सर्वश्री योगेश के. जैन, महेश बी. जैन, सुनील पी. जैन, दिनेश के. जैन, नीलेश पी. जैन, विजय डी. जैन, नितेश आर. जैन एवं समस्त कार्यकारिणी ने पूर्ण मनोयोग से कार्यक्रम को हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न कराने में महती भूमिका निभायी । कार्यक्रम का संयोजक एवं संचालक संजीव जयकुमार जैन द्वारा किया गया ।

गोलालारीय दर्शन समाज के 4500 परिवारों तक नियमित भेजा जा रहा है। हमारे द्वारा पूर्व में भेजे गये पतों पर ही पत्रिका नियमित रुप से भेजी जा रही है ।
संभव है डाक व्यवस्था या आपका पता सही न होने के कारण पत्रिका आपको व आपके रिश्तेदारों तक पत्रिका नहीं पहुंचती है तो उनका नाम व पता पोस्टकार्ड पर लिखकर पत्रिका कार्यालय पर भेज देवें ।
संपर्क करे - 9407453066 पर दोप. 4 से रात्रि 10 तक संपर्क कर सकते है या अपना पता हमें वाट्स एप्प या एसएमएस कर सकते है ।